## सार-समाचार

### समारोह में 251 खिलाड़ियों का सम्मान

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला रोलर स्केटिंग संघ के टेक्निकल हेड पूरण शर्मा ने बताया कि आयुष्मान प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजकर्ता अजय शर्मा मुख्य सचिव जिला रोलर स्केटिंग संघ व स्वागतकर्ता कुलदीप पंवार, प्रीति बालवंशी महिला सुरक्षा सहयोगी समिति के सानिध्य में आयोजित किया गया। राहुल राजपुरोहित जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, महेंद्र सिंह राजपुरोहित प्रधानाचार्य बांगड महाविद्यालय, हिंगलाजदान चारण यातायात प्रभारी, आनंद कवाड अध्यक्ष जिला रोलर स्केटिंग संघ , राजकुमार मेड़तिया सहायक प्रांतपाल रोटरी क्लब, वर्धमान भंडारी सचिव रोटरी क्लब, राकेश पंवार पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य, राजकुमार सांवलेचा समाजसेवी, लहरिदास अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अचला शर्मा सचिव महिला सुरक्षा सहयोगी समिति पाली, सम्पत चौहान आर आई सोजत, आर डी वैष्णव नर्सिंग अधिकारी, गणपत सिंह , तरुण शर्मा बीयर्डो ग्रुप, विक्रम सिंह परिहार मीडिया प्रभारी, राजेश पाटनेचा सचिव ओलंपिक संघ ने कार्यक्रम को शुरू किया। जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित ने आयुष्मान प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में 251 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच संचालक मांगीलाल, हेमाराम राणा, अंश दीप , प्रभा चौधरी ,वंशिका पारवानी ,ज्योति शर्मा , अमर सिंह, मनीषा सिसोदिया ,नेमाराम चौधरी, कविता, बालवंशी, पीनल जैन, कपिल वैष्णव, समीर भाटी, अस्तु फाउंडेशन कैलाश पवार , दिव्यांशी चौहान हेमंत चौहान, नमो फिटनेस अजय वैष्णव ,आदर्श लोढ़ा, सक्षम सालेचा मनोहर सिंह चंद्रप्रकाश, का पूर्ण सहयोग रहा।

### भामाशाहों का अभिनंदन किया

**जालोर**, (कासं)। श्री महावीर जीवदया गौशाला, जालोर के तत्त्वावधान में पिछले 42 वर्षो से गौसेवा में कार्यरत सहयोग देने वाले सभी भामाशाहों का अभिनन्दन समारोह रविवार को गौशाला परिसर में जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं राजकुमार सिह भण्डारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष नरपतराज भंडारी ने अपने स्वागत सद्बोधन में संस्था के विकास कार्यो पर प्रकाश डाला तथा सभी सहयोग कर्त्ताओं का आभार जताया। ओसवाल सिंह सभा जालोर के अध्यक्ष रमेशचंद भंडारी ने विशिष्ठ अतिथि के नाते गौशाला संचालको को उत्तम कार्य हेतु बधाई प्रेषित की। संस्था सचिव विनोदचंद मेहता ने बताया कि इस अवसर पर बडे स्तर पर संख्या को दान देने वाले 55 भामाशाहों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष भवरलाल चौपडा ने गौशाला का पूरा ईतीहास साझा किया। राजकुमार सिह भंडारी, जो स्वंय लम्बे समय से पाला बालाजी मंदिर के सामने जोधपुर में एक गौशाला का संचालन करते है, उन्होने अपने अनुभव बताएं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री भुपेन्द्र देवासी, धन्नाराम पुरोहित, लॉयन्स क्लब सचिव दिपेश सिद्धावत, राहरि क्लब के संजय सुन्देशा व पवन ओझा व्यापार संघ जालोर के अध्यक्ष जालमसिह नारावत, भारत विकास परिषद के पदमाराम चौधरी व राजेन्द्र भुत?डा, गौशाला के संचालक मंडल सदस्य कालूराजमेहता, धनपत बोहरा, धनपत मुधा, ईन्द्र मुथा, बसेतशाहजी, घेवरचेद छत्रगोता, राजेन्द्र बोहरा, सुरेश गांधी सहित कई लोगों ने भाग लिया। मंच संचालन पूर्व उपाध्यक्ष कालूराज मेहता ने किया।

### जालोर की महिला वूशु टीम घोषित

**जालोर**, (कासं)। श्रीगंगानगर में राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में 1 से 2 मार्च तक आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया राज्य स्तरीय महिला वूशु लीग प्रतियोगिता के लिए जालोर टीम का चयन रविवार को किया गया। जालोर वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि टीम का चयन शिवाजी नगर स्थित नेहरू बालोद्यान में रविवार सुबह 10 बजे किया गया। टीम में कुल 8 महिला वूशु खिलाडी होंगी।जालोर वूशु टीम की घोषणा करते हुए महासचिव मिश्रा ने बताया कि भीनमाल से खुशबू, हर्षिता,चंचल व निकिता, बादनवाडी से प्रियल, गोदन से रवीना, जालोर शहर से मानवी व कनिष्का जालोर जिले का प्रतिनिधित्व श्रीगंगानगर की पंचायती धर्मशाला में 1 से 2 मार्च तक आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया राज्य स्तरीय महिला वूशु लीग प्रतियोगिता खलेंगी। टीम चयन के दौरान भीनमाल से कोच प्रभु देसाई, बादनवाडी से कोच कैलाशचंद्र, जालोर से कोच भावेश कुमार, गोदन से कोच नीतू कुमारी,भीनमाल से जितेश सोलंकी,भूमिका सोलंकी,संजय चौहान,अशोक कुमार सहित वूशु खिलाडी मौजूद थे। राज्य स्तरीय टीम के कोच प्रभु देसाई व टीम मैनेजर कैलाशचंद्र होंगे।

### मेघमानव सेवा समिति की बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर आज तीन बत्ती राम रसोडा मंडवारिया में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आज की बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष हंसाराम सिंघल जामोतरा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीवाराम परमार जावाल, छगन लाल बरलूट, हडमाराम मडिया ,सचिव हंसाराम रांगी मनोरा,कोषाध्यक्ष जयनारायण परिहार उड और संरक्षक कानाराम परिहार मंडवारिया को सर्वसम्मति से बनाया गया। बैठक में सभी पदों आज शपथ ग्रहण दिलाई गई। नवीन अध्यक्ष हंसाराम सिंघल ने समाज में शिक्षा हेतु कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, और समिति के नाम से जमीन लेने पर अपने विचार रखे। समाज में एकजुट होने का संदेश दिया गया। बैठक में टीलाराम जावाल रमेशकुमार जामोतरा देवाराम जामोतरा,शांतिलाल जामोतरा हकमाराम जामोतरा छगनलाल परमार जावाल,तेजाराम परमार जावाल,महेंद्र चुंडावत मनोरा, धनराज भाटी जावाल,अर्जुनराम जावाल,कांतिलाल महाराज भूतगांव, मूलाराम रायपुरिया, दिनेश जावाल, प्रकाश जावाल थानाराम जामोतरा, गोपाल जामोतरा, महेंद्र डांगी देलदर आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

### बिठुजाधाम में रूद्राभिषेक 26 को

**बालोतरा**, (निसं)। महाशिवरात्रि के पर जिले की सबसे ऊंची 35 फीट की भगवान शिव व नंदेश्वर की आदमकद प्रतिमा का 26 फरवरी को रात में भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। शिव भक्त भेरुलाल डागा ने बताया कि फाल्गुन माह की त्रयोदशी बुधवार की रात को बिठुजाधाम परिसर में स्थित प्राचीन पिपलेश्वर महादेब मन्दिर पर महाशिवरात्रि की रात्री में मुख्य यजमान पारस मल पुत्र नेतराम पालीवाल रामसीन मूंगड़ा मनोहर बर्तन भण्डार परिवार की ओर से वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार में 21 किलो दूध से अभिषेक किया जाएगा डागा ने बताया कि शिवरात्रि की रात में चार प्रहर में शिवलिग पर अलग अलग प्रकार से रुद्रीपाठ में अभिषेक के साथ आरती की जाएगी। वही महाशिवरात्रि की रात में मंदिर परिसर में एक शाम भोलेनाथ के नाम भव्य जागरण का भी आयोजन होगा। इस भजन संध्या के लाभाथी हराराम हनुमानाराम सुपुत्र लुम्बाराम चौधरी वेरा चुली आसोतरा की ओर से होगी। इस भजन संध्या के दौरान लाभाथी परिवार का ट्रस्ट मण्डल की ओर से बहुमान किया जायेगा।

### मन की बात में आत्मनिर्भरता पर जोर

**जालोर**, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को संबोधित कियाा जालोर में भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनी। इस अवसर पर भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, पूर्व आहोर विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित, भाजपा जिलामहामंत्री प्रकाश छाजेड,नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तमचंद गर्ग,निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, निवर्तमान उपसभापति अम्बालाल व्यास, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत, जिला कार्यालय मंत्री डिंपलसिंह, मुकेश राजपुरोहित, रतन सुथार सहित कई जने उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित के प्रथम बार भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर अभिनन्दन किया गया।

### दयानन्द सरस्वती की जयंती मनाई

**जालोर**, (कासं)। आर्य समाज और आर्य वीर दल जालोर की ओर से रविवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती की 201 वीं जयन्ती आर्य वीरम व्यायाम शाला जालोर में मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ,भजन व प्रवचन किया गया। आर्य समाज लालपोल के प्रधान विनोद आर्य ने महर्षि दयानन्द सरस्वती जीवनी पर प्रकाश डाला।आर्य वीरांगना दिव्या सोनी ने प्रेरक प्रसंग बताते हुए उनके बताए सत्य मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आर्य वीर कृष्णा गोड ने भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शाखानायक कन्हैयालाल मिश्र उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**रेवदर**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 119 वां संस्करण कार्यक्रम रेवदर मंडल के करोटी शक्ति केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। इस दौरान शक्तिकेंद्र संयोजक अशोक माली, पोपटभाई अग्रवाल, हुकम सिंह, भुमित अग्रवाल, प्रकाश कोली सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एन.सी.डी. चिकित्सा शिविर में 120 जनों के स्वास्थ्य की जांच

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एव चिकित्सा विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व पक्षाघात बचाव के नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय जालोर की ओर से शहर के सिलावटान मोहल्ला किले की घाटी जालोर में निशुल्क स्वास्थ जांच एवं दवा वितरण शिविर का का आयोजन प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ . पुनम टाक मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ ।

शिविर प्रभारी शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जालोर द्वारा समय समय पर शहर में विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा जांच शिविर आयोजित कर 30 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों के लिए मधुमेह, उच्च रक्तचाप की निशुल्क जॉच की जाती है । रविवार को शहर के सिलावटान मोहल्ला किले की घाटी में चिकित्सा शिविर का आयोजन कर बीपी, शुगर सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में लोगों ने जांच करवाकर व दवा प्राप्त कर शिविर की भूरि भूरि प्रशंसा की। शिविर में 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा विभिन्न बीमारी के निराकरण को लेकर दवा का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर में पी एम ओ डॉ. पूनम टॉक ने कहा कि सरकार की मंशा अनुसार मरीज को उनके घर के नजदीक जांच उपलब्ध हो सके। इसके लिए एन सी डी क्लीनिक द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन किया



जालोर शहर के किले की घाटी में एन.सी.डी. शिविर में स्वास्थ्य जांच की। फोटो-राष्ट्रदूत

जाता है । शिविर में उन्होंने बीपी शुगर सहित अन्य बीमारीयो के लक्षण व उसके बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया । शिविर में मुख्य अतिथि पी एम ओ डॉ. पुनम टांक , भामाशाह रहमान खान का माला, साफा, व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही सिलावट समाज के वयोवृद्ध समाज सेवी भूरे खान व छोटू खान का भी साफा व माला द्वारा सम्मान किया। शिविर में सहयोग करने वाले पूर्व पार्षद अफरोजा, सेवानिवृत तहसीलदार लियाकत अली, एजाज अली, मेडिकल टीम, जानशेरखान का भी स्वागत सिलावट समाज द्वारा किया गया । शिविर में जिला चिकित्सालय जालौर से डॉ. रोहिताश, डॉ.पूजा सीरवी, डॉ.चांद सिंह ,सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ,नर्सिंग ऑफिसर मोहम्मद इफ्तिखार हुसैन , नर्सिंग स्टूडेंट राहुल, पाबूराम, श्रेयांश ,निशा, रौनक, अंजु ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद अयूब शेख ने किया।

इस अवसर पर शाकिर अली,रमजान खान, इन्साफ अली, हबीब रहमान, जाकिर खान, सलीम जावेद, इमरान खान, रूबाब खान , रसीद खान, लियाकत अली, सिराजुद्दीन खान,असलम शेख, आबाद अली,इरफान खान, बरकत खान, मुश्ताक खान, रज्जब खान, अयूब खान, मोहम्मद खान, हिदायत खान, इदु खान, रफीक खान, मजीद खान, वाजिद खान, इकबाल खान, अशरफ खान, मल्ले खान, आबाद खान,, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद आरिफ तबस्सुम, सिमरन सहित बडी सख्या में लोग मौजूद थे।

# 'घोषणाओं का गुणवत्ता से समयबद्ध क्रियान्वयन करें'

**जोधपुर** , (कासं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए समयबद्धता, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ दायित्व निभाएं और योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान करें।

प्रभारी मंत्री ने रविवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जोधपुर जिले से संबंधित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं जोधपुर जिला प्रभारी सचिव दिनेश कुमार, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, ओसियां विधायक भैराराम सियोल, बिलाड़ा विधायक अर्जुनराम गर्ग, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, ज़िला कलक्टर गौरव अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम ( उत्तर - दक्षिण) आयुक्त सिद्धार्थ पालाचीनामी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) सुरेंद्र पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी मंत्री दिलावर ने अधिकारियों को इस बारे में निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विभागीय अधिकारी जनहितकारी योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए सक्रियता प्रदर्शित करें।

बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के सम्बन्ध में भूमि आवंटन/उपलब्धता/चिन्हीकरण की स्थिति, भूमि आवंटन एवं निर्माण कार्य से पूर्व संस्थानों को प्रारम्भ किये जाने के लिए वैकल्पिक/किराये के भवनों का चयन, विभिन्न विभागों के सम्बन्ध में वर्ष 2024-25 के लिए की गयी बजट घोषणाओं की प्रगति, ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति की स्थिति एवं आवश्यक कार्य योजना, राइजिंग राजस्थान के एमओयू के क्रियान्वन की स्थिति, किसान पंजीयन शिविर एवं जिले से सम्बंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इनके बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए।

प्रभारी मंत्री दिलावर ने निर्देश दिए कि योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर भूमि चयन एवं आवंटन सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति प्रबंधन को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए और कहा कि पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन एवं जलदाय विभाग समय रहते प्रभावी रणनीति तैयार करें, जल स्त्रोतों की मरम्मत एवं जल वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए। फार्मर्स रजिस्ट्री कैंपों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए तथा डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर किसानों को सशक्त बनाया जाए।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचा, ठामीण विकास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करें तथा जिले के विकास में गतिशीलता लाएं।

प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने स्पष्ट किया कि सरकार बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की हर स्तर पर सतत निगरानी कर रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन त्वरित गति से किया जाए एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंच सके।

# बजट घोषणा के कार्यों को प्राथमिकता दें : गर्ग

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित तथा पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के महानिरीक्षक व जिले के प्रभारी आशीष गुप्ता ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर संयुक्त रूप से समीक्षा की।

बैठक में बजट घोषणाओं के स्वीकृति कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि चिन्हीकरण, आवंटन व डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में नून (जालोर) में हवाई पटटी की मरम्मत, रखरखाव एवं उन्नयन कार्य को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भविष्य में आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नून हवाई पट्टी के सुदृढ़ीकरण कार्य एवं सुविधा व विकास को लेकर निर्देशित किया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित कर हर घर को नल कनेक्शन से जोड़े जाने तथा अवैध कनेक्शनों को चिन्हित कर कटवाने व पानी चोरी की घटनाओं पर रोकथाम लगाने के साथ ही उनके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पाबंद करते हुए पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में किसानों को ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्वरित संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जल्द से जल्द नवीन ट्रांसफॉर्मर आवंटित करने की बात कही गई। बैठक में लंबित राशन कार्डों के प्रकरणों एवं ईकेवाईसी कार्यों को पूर्ण करवाने तथा भीनमाल में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए। जिले में सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को लेकर निर्देशित किया गया।

कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले की विभिन्न विभागों की बजट घोषणा 2025-26 के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बजट वर्ष 2024-25 की घोषणाओं के तहत अब तक हुई प्रगति के संबंध में अवगत करवाया।

जसराज राजपुरोहित, भूपेन्द्र देवासी, पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा व सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं जालोर विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी एवं आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के संबंध में मीडिया से हुए रूबरू हुए लेकिन बजट घोषणा की प्रेस वार्ता में मुख्य सचेतक मीडियाकर्मियो के सवालों का संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये।

# घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें : जोराराम

**बालोतरा**, (निसं)। पशुपालन, गोपालन डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए समयबद्धता, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ दायित्व निभाएं और योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान करें।

प्रभारी मंत्री ने रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बालोतरा जिले से संबंधित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव हरी मोहन मीणा, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, सिवाना विधायक हम्मीर सिंह भायल, जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक हरी शंकर, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार, जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को इस बारे में निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

# अविनाश की भाषा असंसदीय नहीं थी : झाबरसिंह खर्रा

**पाली**, (नि.सं.)। रविवार को पाली जिला परिषद सभागार में प्रेस को संबोधित करते हुए और पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रा गांधी को लेकर जो कहा वह कायदे से न तो असंसदीय था और न ही अपमानजक, फिर भी भाजपा पार्टी का यह मानना है कि उन्हें सदन में यह बात नहीं कहनी चाहिए थी। इसको लेकर मंत्री अविनाश ने बाद में खेद भी प्रकट किया, लेकिन इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने आसन पर जो हमला करने का प्रयास किया और मयार्दा को तार-तार किया वह शर्मसार करने जैसा था।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए मंत्री गेहलोत को चेतावनी दी है कि वे बोलने से पहले सजग रहे और सोचकर बोल ताकि भविष्य में इसी तरह की बातों की फिर से पुनावृत्ति न हो।

जवाई बांध पुनर्भरण के सवाल पर मंत्री खर्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश से हुए समझौत के बाद जो नदियों का पानी बहकर समुंद्र में चला जाता था उसे पाली जिले के जवाई बांध और नागौर तक पहुंचाने के लिए टनल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। वह पूरा होने पर जल समस्या से काफी निजात मिल सकेगी।

बरसात के दौरान पाली में फिर से बाढ़ जैसे हालात न हो इसको लेकर सेवा और संकल्प महासमिति के जबरसिंह राजपुरोहित ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि बरसाती पानी की निकासी के रास्ते में जगह-जगह अतिक्रमण है।

उन्हें नहीं हटाया गया तो फिर से पाली में बरसात के दौरान बाढ़ जैसे हालात हो सकते है इस समस्या का समाधान आवश्यक है। इस पर मंत्री खर्रा ने कहा कि अतिक्रमण चिन्हित कर लिए गए है। समझाइश से पहले प्रयास में हटवाने के प्रयास करेंगे फिर भी जो नहीं मानेंगे तो सख्ती कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। ताकि पाली में फिर से बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति न हो। पाली में बनेगा एक नया ट्रांसपोर्ट नगर मंत्री खर्रा ने कहा कि पाली में एक और ट्रांसपोर्ट नगर की आवश्यकता है। ताकि भारी वाहन शहरी क्षेत्र में नहीं आए। इसको लेकर कार्रवाई चल रही है।

इससे पहले मंत्री खर्रा ने अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें वर्ष 2024-25 में जो बजट घोषणाएं की गई। उनमें से कौन-कौन से घोषणाएं अभी तक पूरी नहीं हुई। इसको लेकर जिलास्तर पर क्या-क्या काम होना शेष है उसे पूरा करने के निर्देश दिए। और मार्च 2025 तक वित्तीय स्वीकृति जारी कर उन कार्यों को प्रगति पथ पर ले जाने की बात कही। साथ वर्ष 2025-26 में बजट घोषणा को लेकर भी उन्होंने कहा कि पाली को लेकर जो भी घोषणाएं हुई है। जुलाई 2025 से उसको पूरा करने को लेकर खासा तैयार करना शुरू कर दिया जाएगा।

पाली नगर निगम की आर्थिक खस्ताहाल को लेकर उन्होंने कहा कि निकाय को जितना खर्च करने का बजट दिया था। उससे कई गुणा ज्यादा उन्होंने खर्च किया। जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम की सभापति रेखा-राकेश भाटी भाजपा पार्टी से थे लेकिन उन्होंने पार्टी के साथ निष्ठा नहीं रखी। जिसका नतीजा यह रहा कि उनके पांच साल के कार्यकाल में शहर विकास को लेकर कुछ विशेष कार्य नहीं हुए।

# जादूगर दिवस पर जोधपुर में कई कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर** , (कासं)। भारतीय जादूगर दिवस पर जोधपुर में कनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रताप नगर स्थित जादू भवन में जादूगर गोपाल ने हैरत अंगेज कार्यक्रमो की स्तुति देकर दर्शकों को दांतों तले अंगुलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने सर्व प्रथम जादू से पी सी सरकार का चित्र प्रकट किया। इसके साथ ही जादू से माला बनाकर कर पी सी सरकार के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर नोटों की बरसात, लकडी की टेबल हवा में उड़ाना, रस्सी को हवा में खड़ी करना जैसे अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके जादूगर गोपाल की पौत्री जादूगर योगिता तथा बड़गांव के जादूगर रतनाराम ने भी हेरत अंठोज कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर देश के अनेक जादूगर वर्चुअल रूप से जुड़े। जयपुर के जादूगर प्रहलाद राय ने संबोधित करते कहा कि 23 फरवरी को भारत भर में जादूगर दिवस मनाया जाता है। भारतीय जादू पितामह पी सी सरकार के जन्मदिवस पर जादूगर दिवस की शुरुआत राजस्थान से हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रतुल चंद्र सरकार ( पीसी सरकार ) का जन्म 23 फरवरी 1913 को असम के गांव अशोकपुर जिला तंगाइल (अब बंगलादेश ) में एक मध्यम वर्गीय परिवार मे हुआ। उन्होने जादूकला को सड़क से उठाकर ग्लेमर के साथ भव्य मंच पर प्रस्तुत किया।एशिया और यूरोपियन देशों मे ही नही बल्कि पूरे विश्व मे भारतीय जादू का परचम पी सी सरकार ने फहराया। उन्होने विदेशों मे शो करके भारत सरकार के खजाने मे इतनी विदेशी मुद्रा दी जितनी उनसे पहले कोई कलाकार



जोधपुर के प्रताप नगर स्थित जादू भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

नही दे सका।

1964 मे भारत सरकार ने उनकी महान उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किया। कलकत्ता मे उन्होंने आल इंडिया मैजिक सर्कल की स्थापना की तथा एक त्रैमासिक पत्रिका एआइएमसी मैजिक बुलेटिन की शुरुआत की।

भारतीय जादू के पितामह पद्मश्री पी सी सरकार जब 1969 मे जयपुर , (राजस्थान) आए। उससे पहले ही राजस्थान के यशस्वी जादूगरों के मन मस्तिष्क मे एक विचार जन्म ले चुका था कि जिस महान शख्सियत ने जादूकला को सड़क से उठाकर भव्यता के साथ,ग्लैमर के साथ खूब सूरती के साथ शानदार रंगमंच पर प्रस्तुत किया, स्थापित किया वो निश्चित ही कला का मसीहा है। ऐसे मसीहा को सैकडों साल तक भुलाया नही जा सकता।यह विचार ग्रेट मायावी जी और उस समय बडौदा के जादूगर निमाजो जो उस समय जयपुर मे रेल्वे मे पदस्थापित थे, इन दोनो शख्सियतों ने मिलकर एक प्रस्ताव आल इंडिया मैजिक सर्कल, कलकत्ता को प्रेषित किया कि हमने जादू पितामह पी सी सरकार के जन्मदिवस को जादूगर दिवस के रुप मे मनाए जाने का निश्चय किया है। इस हेतु सर्कल स्वीकृति दे तो 23 फरवरी 1971 से ही जयपुर के रवीन्द्र मंच से शुभारंभ कर दिया जाए।उनका प्रस्ताव आल इंडिया मैजिक सर्कल के मुख पत्र एआइएमसी बुलैटिन के अक्टूबर 70 के अंक मे प्रकाशित हुआ और साथ ही स्वीकृति भी दे दी गई। बस फिर क्या था ग्रेट मायावी जी ने पीसी सरकार से प्रथम जादूगर दिवस मे आने एवं मुख्य अतिथि बनने की स्वीकृति भी ले ली, पोस्टर भी छप गए।कुदरत को कुछ और ही मंजूर था,पीसी सरकार का जापान के आशिकावा शहर मे शो करते हुए 6 जनवरी 1971 को हार्ट अटैक से निधन हो गया। ग्रेट मायावी के सान्निध्य में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 23 फरवरी 1971 को जादूगर दिवस की शुरुआत रवीन्द्र मंच जयपुर राजस्थान से हुई। तब से ही पूरे देश मे जादूगर दिवस प्रतिवर्ष 23 फरवरी को मनाया जा रहा है। अनेक सम्मेलन अब तक जादूगर दिवस पर हो चुके है।भारत सरकार ने स्व. पीसी सरकार की स्मृति मे 23 फरवरी 2010 को पांच रुपये का डाक टिकिट जारी कर उन्हें सम्मान दिया था।

# अभिभावक सम्मेलन हुआ

**भीनमाल**, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर बालिका उ च माध्यमिक भीनमाल में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्र वलन करके किया गया।

प्रधानाचार्य अमित व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट अशोक सिंह ओपावत तथा मुख्य अतिथि के रूप में मनोज दवे उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अमित व्यास ने विद्यालय की गतिविधियों तथा वर्ष भर के शैक्षिक और सहशैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में अभिभावकों को अवगत करवाया। इसके बाद बहिन मुस्कान और आरती द्वारा पिता पर एक कविता प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि मनोज दवे ने अभिभावकों के विद्यार्थियों की प्रति कर्तव्य तथा आधुनिक युग में कैसे संस्कारवान पीढी बनाएं उसके बारे में विस्तारित रूप से अपने विचार रखें। इसके बाद मुख्य वक्ता एडवोकेट अशोक सिंह ओपावत ने राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक पांच परिवर्तनों के बारे में बात की। इसमें समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुंब व प्रबोधन के बारे में बताया। समापन में विद्यालय समिति के संरक्षक नगराज पुरोहित द्वारा आए हुए अतिथियों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भंवर लाल कानूंगो, अमृत लाल प्रजापत, प्रताप पुरोहित, नरेंद्र आचार्य, नारायण जांगिड, प्रियंका माहेश्वरी, मीनाक्षी चौधरी, पूर्णिमा नागर, श्रवण सोनगरा, सुरेश पारीक, प्रमोद, नीमा, ललिता, मुकेश, रमाकांत, दीपाराम, सुशील, अरविंद, राजेश, योगेश वैष्णव, विक्रम, अर्जुन, मनीष, नवल, भावेश, नीतू, मीनाक्षी, भगवती, रमेश आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने 2047 के विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला बजट किया पेश : डॉ.मनसुख मांडविया

- ‘2014 के बाद से देश में नई कार्यशैली हुई विकसित, सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी और समग्र विकास की सोच के साथ पेश किए गए बजट’
- ‘पूर्व पीएम राजीव गांधी ने 21वीं सदी के भारत का सपना देखा, लेकिन साकार करने के लिए नहीं बनाया रोडमैप’



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद थे।

**जयपुर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में मोदी के नेतृत्व में एक नई कार्यशैली विकसित हुई है। सरकार द्वारा बनाए जा रहे बजट में दूरदर्शी सोच रखते हुए सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी और समग्र विकास को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस सालों में देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव काल के दौरान 2047 तक विकसित भारत का सपना देश के सामने रखा और उस सपने को साकार करने की दिशा में रोडमैप भी तैयार कर देश की 140 करोड़ जनता के सामने रखा। केंद्र सरकार की ओर से तैयार किए जा रहे बजट में विकसित भारत के सपने को गति प्रदान करने की कार्यशैली देखने को मिल रही है।

मांडविया ने कहा कि 1985 में राजीव गांधी ने 21वीं सदी की बात कहीं थी,लेकिन बिना कार्य योजना या फिर रोडमैप के उनका सपना सपना ही रह गया। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में लाल किले से देश के सामने विकसित भारत 2047 के सपने को रखा और इसे साकार करने के लिए रोडमैप भी बताया। उन्होंने कहा था कि देशवासियों को पांच संकल्प लेने चाहिए। इसमें गुलामी की प्रतिकों का त्याग करने,विरासत से प्रेरणा लेने, देश के प्रत्येक नागरिक के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का माहौल देने और राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

मनसुख मांडविया ने कहा कि आज देश में रोजगार बढ़ा है। युवाओं के हाथ में रोजगार है और इससे देशवासियों का जीवन स्तर में सुधार हुआ है। महिलाओं में रोजगार के अवसर बढ़े है। यूपीए सरकार के कार्यकाल में पहले बेरोजगारी 6 प्रतिशत थी, जबकि आज देश में बेरोजगारी की दर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसी तर्ज पर महंगाई भी पहले छह प्रतिशत थी, जो आज कम हुई है। पहले युवा बेरोजगारी 17-18 प्रतिशत थी, जो आज कम होकर 10 प्रतिशत पर आ गई। आज देश में 56 फीसदी महिलाएं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। मोदी जी के नेतृत्व में 10 साल में देश बदला है और नए भारत का निर्माण हो रहा है। 2004 से 2014 तक एक दशक में मात्र 4 करोड़ लोगों को रोजगार दिए गए है जबकि वर्ष 2014 से 2024 तक 17 करोड़ नए रोजगार निर्माण कर लोगों को नौकरी दी गई है। एक दशक में 8 करोड लोग ईपीएफओ में रजिस्टर्ड हुए है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट सिर्फ घोषणा ही नहीं है बल्कि मोदी सरकार का संकल्प है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बजट में की गई 1200 से अधिक घोषणाएं तो धरातल पर उतरी तक नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर वर्ष का बजट सर्वस्पर्शी विकास का सुनिश्चित करने वाला है। इतना ही नहीं, इस बजट में मध्यम वर्ग की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने 10 साल में कोई नया टैक्स नहीं लगाया। जीएसटी से टैक्स का स्लैब कम हुआ, लेकिन देश की इनकम में बढ़ोतरी हुई है। 2014 की तुलना में देश का बजट 3 गुणा बढ़ा है, सरकार की आय भी बढ़ी है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दे रहे है। 2014 में देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 1 लाख 80 हजार करोड़ ही खर्च हो रहा था, जबकि आज देश के इन्फ्रा पर 11.50 लाख करोड़ खर्च किए जा रहे है। देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो निवेश आएगा और रोजगार बढ़ेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग को डवलप करने से उद्योग और इन्वेस्टमेंट के लिए योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। देश में सामाजिक सुरक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने बजट में इनकम टैक्स में 12 लाख तक छूट देकर मध्यम वर्ग को राहत प्रदान की है।

मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार ने एमएसएमई कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए है, वहीं एक करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का भी प्रयास किया है। वहीं दूसरी ओर 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया। मोदी सरकार की ओर से पेश किया जा रहा बजट हेल्थी इकॉनोमी की ओर देश का ले जा रहा है। मोदी सरकार ने मेड इन इंडिया, मेक इन इंडिया शुरू किया। विदेशों से आयात करने की बजाय देश में ही उपकरण और दवाईयां बनाने पर कार्य किया गया। कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में बजट बढ़ाया गया, यह बजट लॉन्ग टाइम विजन के साथ एक साल की कार्य योजना है, एक साल का रोड मैप है। मोदी के नेतृत्व में देश में शुद्ध और स्थिर अर्थ तंत्र का निर्माण किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने राजस्थान को लेकर कहां कि राजस्थान में अपार संभावनाएं है। खनन क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में चर्चा भी की। मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश की खनन क्षेत्र में अपार क्षमताओं को देखते हुए जागरूक है।

प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी,प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, विजेंद्र पूनिया, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल उपस्थित रहे।

डॉ मांडविया ने प्रेसवार्ता से पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को भी संबोधित किया। डॉ मांडविया ने प्रबुद्धजनों के साथ चर्चा करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के बजट को जनहितैषी और लोककल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने विकसित राजस्थान के सपने के लिए बजट तैयार किया है, इस बजट में हर वर्ग, हर समुदाय को जगह दी गई है। प्रबुद्धजन सम्मेलने में इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, नाहर सिंह जोधा, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, उप महापौर पुनीट कर्नावट और जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल उपस्थित रहे।

# जयपुर की बेटी नव्या भंडारी ने रचा इतिहास

- जोधपुर एनएलयू से 7 स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम किया रोशन



**जयपुर।** जयपुर की बेटी नव्या भंडारी ने अपनी अद्भुत मेधा और परिश्रम से जोधपुर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में इतिहास रच दिया। 2024 में अपनी लॉ डिग्री पूर्ण करने के साथ ही नव्या ने सात स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय की टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया।

जोधपुर एनएलयू के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नव्या को छह गोल्ड मेडल एवं 5000 रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में हर्ष की लहर है। नव्या के पिता विनय भंडारी एवं माता प्रीति भंडारी की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे और उनका सीना गर्व से चौड़ा हो गया। उन्होंने कहा, “नव्या की मेहनत और लगन ने हमारे सपनों को साकार किया है। यह केवल हमारे परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश के लिए गर्व का क्षण है।”

नव्या अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर लगातार सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। अपनी शिक्षा के दौरान उन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता, कानूनी अनुसंधान और लेखन, मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वर्तमान में वह नोएडा में अमरचंद मंगलदास फर्म में जीएसटी लॉयर के रूप में कार्यरत हैं।

नव्या की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार या राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए परिश्रम कर रही हैं।

नव्या के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर दादा-दादी, श्रीमती सुशीला भंडारी एवं श्री एल. एम. भंडारी ने भी गर्व व्यक्त करते हुए कहा, “नव्या ने अपने अथक परिश्रम से परिवार का नाम रोशन किया है। हम उसकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।” नव्या अपने जयपुर पूर्व कलेक्टर कुलदीप रांका की भांजी है। आईएएस कुलदीप रांका ने भी नव्या की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी। नव्या भंडारी की इस अद्भुत उपलब्धि के लिए उन्हें ढेरों बधाइयाँ! उनका यह सफर नई पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा और देश का नाम रोशन करता रहेगा।

# जयपुर में एंटरप्रेन्योर राउंडटेबल 2025 का सफल आयोजन



कार्यक्रम में अमूल डेयरी के एम.डी.अमित व्यास, आई.सी.सी.राजस्थान की अध्यक्ष जयश्री पैरीवाल और मेटा के ग्लोबल बिजनेस हैड विकास पुरोहित शामिल हुए।

**जयपुर।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स और टाई राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में “एंटरप्रेन्योर राउंडटेबल 2025” का आयोजन आईटीसी राजपुताना, जयपुर में संपन्न हुआ। इस आयोजन में तकनीकी नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पारंपरिक उद्योगों में डिजिटलीकरण के प्रभाव पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में अमूल डेयरी के प्रबंध निदेशक, अमित व्यास और मेटा के ग्लोबल बिजनेस हेड, विकास पुरोहित शामिल रहे।

अमित व्यास ने “परंपरागत उद्योगों में तकनीकी नवाचार और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का प्रभाव” विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे डिजिटल साधनों का उपयोग कर व्यवसायों का विस्तार किया जा सकता है और नवाचार को अपनाया जा सकता है। बदलते दौर में व्यवसायों को आगे बढ़ने के लिए माइंडसेट बदलने की जरूरत है। हमें नई तकनीकों को अपनाने के लिए तैयार रहना होगा। पहले हमें इसे समझना होगा, फिर इसे लागू करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव) स्कीम का लाभ उठाकर अमूल हेल्दी और हाई-प्रोटीन बेस्ड प्रोडक्ट की नई रेंज भी विकसित करने जा रहा है।

विकास पुरोहित ने “एआई क्रांति और भविष्य की कंप्यूटिंग” विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती हुई तकनीकों के माध्यम से व्यवसायों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

# सैन्य अस्पताल जयपुर में मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का उद्घाटन आज

**जयपुर।** सेना अस्पताल अनुसंधान और रेफरल (एएचआरआर),नई दिल्ली के विशेषज्ञ नेत्र शल्य चिकित्सकों द्वारा गौरव सेनानियों और परिवारों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी शिविर 24 फरवरी से 28 फरवरी तक सैन्य अस्पताल जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

एएचआरआर के डॉक्टरों की टीम का नेतृत्व ब्रिगेडियर संजय मिश्रा कर रहे हैं जो एएमसी के एक उच्च पदस्थ नेत्र शल्य चिकित्सक हैं। टीम में लेफ्टिनेंट कर्नल ईशान अग्रवाल,लेफ्टिनेंट कर्नल रवि चौहान और मेजर अमृता जोशी भी शामिल हैं। तीन से चार दिनों की अवधि में लगभग200से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी की जाएंगी। साथ ही300से अधिक गौरव सेनानियों और परिवारों की आंखों की पूरी जांच की जाएगी और मरीजों को चश्मे तथा दवाइयां वितरित की जाएंगी। शिविर का उद्घाटन सप्त शक्ति कमान की क्षेत्रीय अध्यक्ष बरिंदरजीत कौर करेंगी। इस अवसर पर आर्मी कमांडर,सप्त शक्ति कमान और अन्य वरिष्ठ नागरिक व व्यक्ति भी शामिल होंगे।

# प्रदेश कांग्रेस सोमवार को विधानसभा घेराव करेगी

- जूली ने पूछा, “क्या सदन को चलाने की जिम्मेदारी सरकार की है, तो क्या सरकार द्वारा गतिरोध को समाप्त करने के सकारात्मक प्रयास किए गए?”

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में भाजपा सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गाँधी का नाम लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने के विरोध तथा मंत्री के आचरण का विरोध कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित छः विधायकों का विधानसभा से निलम्बन करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस सोमवार को विधानसभा का घेराव करेगी।

इसी मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल किया है कि क्या सरकार के मंत्री द्वारा दिवंगत प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को लेकर अनुचित टिप्पणी करने अथवा सदन में तख्तियां लहराये जाने को उचित ठहराया जा सकता है, यदि नहीं तो उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई? जुली ने कहा कि क्या विधानसभा में गतिरोध के लिए सरकार के मंत्री की अवांछित टिप्पणी एवं अमर्यादित आचरण जिम्मेदार नहीं है, यदि है, तो सत्ता पक्ष के मंत्री के स्थान पर प्रतिपक्ष को दंडित क्यों किया गया है? क्या मंत्री द्वारा की गई स्तरहीन टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से निकालकर गतिरोध को टाला जा सकता था? क्या विधानसभा में गतिरोध का मुख्य कारण प्रतिपक्ष को जन भावनाओं की अभिव्यक्तियों से रोका जाना ही था? क्या सदन को चलाने की जिम्मेदारी सरकार की नहीं है, यदि है, तो क्या सरकार द्वारा गतिरोध को समाप्त किए जाने हेतु गंभीरता पूर्वक सकारात्मक प्रयास किए गए ? क्या मंत्री की अनुचित व अमर्यादित टिप्पणी के विरुद्ध प्रोटेस्ट करने का विपक्ष को अधिकार नहीं है ? जवाब तो देना पड़ेगा दूसरी ओर कांग्रेस ने विधानसभा में भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गाँधी के संदर्भ में असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर टिप्पणी की जिसका विरोध करते हुये कांग्रेस विधायक दल ने मंत्री से अपने शब्द वापस लेने एवं माफी मांगने की मांग की। भाजपा सरकार के मंत्री ने हठधर्मिता दिखाते हुये माफी नहीं मांगी ,बल्कि मंत्री के आचरण का विरोध कर रहे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित छः विधायकों को निलम्बित कर दिया गया। कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस विधायक पिछले दो दिन से विधानसभा के अन्दर धरने पर बैठे हैं।

मंत्री द्वारा माफी मांगने तथा प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित छः विधायकों के निलम्बन को निरस्त करने की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सोमवार 24 फरवरी को विधानसभा घेराव कर विरोध-प्रदर्शन करेगी। विधानसभा घेराव के लिये प्रदेशभर से कांग्रेस नेता एवं नेता प्रातः 10 बजे सहकार भवन के समीप निर्धारित स्थान पर एकत्रित होकर विधानसभा के लिये मार्च करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 मार्च को

**जयपुर।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया ने बताया कि महासभा के द्वारा 18वां अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 9 मार्च 2025 के पोस्टर का विमोचन उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा के द्वारा किया गया साथ में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बासोतिया युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्रस्तुत होने के लिए निमंत्रण दिया।

परिचय सम्मेलन भगवान परशुराम भवन सेक्टर 4 विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित किया जाएगा। अब तक समाज के 50 हजार से अधिक परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हो चुका है। पंकज पचलंगिया ने बताया बायोडाटा को परिचय सम्मेलन की पुस्तिका युगल दर्पण में प्रकाशित किया जा रहा है।

# ‘रीट परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी’

- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन
- जिला कलक्टर एवं पुलिस आयुक्त ने स्ट्रांग रूम में भी व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिये।

**जयपुर।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आगामी 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) के सफल आयोजन की तैयारियों में जुटा है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को परीक्षा के आयोजन को लेकर जयपुर के एक निजी विद्यालय के सभागार में बैठक ली। बैठक में समस्त केंद्र अधीक्षकों, अतिरिक्त केंद्र अधीक्षकों, प्रश्न पत्र समन्वयकों, ओएमआर समन्वयकों को सफल बनने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

बैठक में अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक के पश्चात जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने स्ट्रांग रूम का दौरा किया एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने एवं समस्त आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के यह हैं प्रावधान राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम-2022 (2022 का अधिनियम संख्याक 6) एवं संशोधन अधिनियम 2023 (2023 का अधि. संख्याक-17) की धारा 10 (1) के अन्तर्गत 3 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया जाएगा, जुर्माना नहीं होने पर 9 माह के कारावास से दण्डित किया जाएगा। इसी तरह धारा 10 (2) के अन्तर्गत 10 वर्ष का कारावास जो आजीवन कारावास तक का हो सकेगा और जुर्माना 10 लाख रूपये जो 10 करोड़ तक का हो सकेगा से दण्डित किया जाएगा, जुर्माना नहीं देने पर 5 वर्ष का कारावास और हो सकेगा। इस प्रकार के संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा।

# जिनेन्द्र शोभायात्रा व महामस्तकाभिषेक में गूंजे श्रीजी के जयकारे, उमड़े श्रद्धालु

- 13वें वार्षिकोत्सव व महामस्तकाभिषेक समारोह का समापन



**जयपुर।** बापूनगर स्थित ज्ञानतीर्थ पंडित टोडरमल स्मारक भवन प्रांगण में 21फरवरी से चल रहे 13वें वार्षिकोत्सव व महामस्तकाभिषेक समारोह का समापन रविवार को बैंडबाजों के साथ निकलने वाली जिनेन्द्र शोभायात्रा व श्रीजी के महामस्तकाभिषेक के साथ हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र श्रीजी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। आयोजन में जयपुर के अलावा बाहर से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार गोदिका व महामंत्री परमात्म प्रकाश भारिल्ल ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को सुबह जिनेन्द्र पूजन के बाद भोपाल से आए विद्वान अंकुर शास्त्री के चारित्रपाहुड पर प्रवचन हुए। बैंडबाजों के साथ भव्य जिनेन्द्र शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर शोभायात्रा में सर्वप्रथम ध्वज लेकर अजितकुमार तोतूका परिवार के लोग चल रहे थे। बैंडबाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रीजी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य संजयभाई कोठारी, मुंबई ने प्राप्त हुआ। शोभायात्रा में ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशीलकुमार गोदीका, महामंत्री परमात्मप्रकाश भारिल्ल, मंत्री डॉ. शुद्धात्मप्रकाश भारिल्ल, इसके अतिरिक्त बापू नगर संभाग के सभी पदाधिकारी, वीतराग महिला मंडल की सभी सदस्या एवं श्री टोडरमल दिगंबर जैन आचार्य महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

बैंडबाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रीजी के रथ के आगे श्रद्धालु अमृत से धन्य-धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है...आया मंगल दिन मंगल अवसर...रोम-रोम से निकले प्रभुवर नाम तुम्हारा...जैसे भजनो की स्वर लहरियों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। यह शोभायात्रा ज्ञानतीर्थ टोडरमल स्मारक भवन से शुरू होगी,जो सावित्री पथ,गणेष मार्ग के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय, मोतीमार्ग होती हुई पंचतीर्थ जिनालय पहुंची, जहां ध्वजस्थापन विधि संपन्न हुई, भगवान महावीर की शिखर पर ध्वजकी स्थापना प्रदीप चैधरी परिवार किशनगढ़ ने,भगवान आदिनाथ की शिखर पर ध्वज की स्थापना महेंद्रकुमार, राहुल विनीत, गंगवाल परिवार, जयपुर,भगवान शांतिनाथ की शिखर पर ध्वज की स्थापना अनिल, सुशील, राकेश गंगवाल परिवार जयपुर ने,भगवान बाहुबली की शिखर पर ध्वज की स्थापना डॉ. सुशीलकुमार गोदिका, परमात्मप्रकाश भारिल्ल, डॉ. शुद्धात्मप्रकाश भारिल्ल, व भगवान पार्श्वनाथ की शिखर पर ध्वज की स्थापना नमिता छाबड़ा परिवार ने की।

इसके अलावा भगवान वासुपूज्य की शिखर पर कलश विराजमान संजयभाई, कोठारी एवं ध्वज स्थापना अखिल जैन, इंदौर परिवार,भगवान नेमिनाथ की शिखर पर कलश विराजमान भाविनभाई, जयपुर व ध्वज स्थापना अश्विन जैन परिवार,श्री मंदिर जिनालय की शिखर पर ध्वज विराजमान करने का सौभाग्य अचरजदेवी ओसवाल परिवार, जयपुर ने एवं विराजमान करने का सौभाग्य रतन टाटेड परिवार, किशनगढ़ ने प्राप्त किया। ध्वज स्थापनविधि के पश्चात ध्वज विराजमानकर्ता परिवारों ने श्रीजी प्रथम महामस्तकाभिषेक किया गया।

इस दौरान आसपास श्रीजी के जयकारों व भजनों की स्वर लहरियों से गुंजायमान हो उठा।

# ई-मित्र संचालक के खाते में जमा कराए 11 लाख रुपये

## चार बैंक पास बुकों के साथ विदेशी परफ्यूम बरामद किए

- 3 आरोपी पकड़े, लग्जरी कार समेत 34 एटीएम और मोबाइल जब्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** साइबर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है साइबर थाना पुलिस ने एक साइबर ठग गिरोह का खुलासा करते हुए 3 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। साइबर ठगों ने एक ईमित्र संचालक के खाते में ठगी की राशि ट्रांसफर करवाई थी। वहीं, पुलिस ने ठगों के कब्जे से एक लग्जरी कार, 34 एटीएम, 12 सिम कार्ड,6 मोबाइल, चार चेकबुक ओर चार बैंक पास बुकों के साथ विदेशी परफ्यूम, घडियां और हुक्के जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साइबर थाने के थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया कि 8 जनवरी को बिलडी गाँव निवासी अनिल कलाल ने अपने चचेरे भाई भावेश कलाल और उसके साथी कुलदीप कलाल व प्रदीप कलाल के खिलाफ एक रिपोर्ट थाने में दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि उसका चचेरे भाई भावेश कलाल ने लोन की राशि का कहकर उसके खाते में 11 लाख रुपए ठगी के जमा करवाए थे जिसके बाद उसका खाता बैंक ने फ्रिज कर दिया था।



ईमित्र संचालक के खाते में जमा कराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष को बधाई

**गंगापुर सिटी ।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व 2024 के निमित्त आयोजित प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्वाचन बैठक में जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने सहभागिता निभाई एवं नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष को पुन: भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाऐ दी। साथ ही संगठन पर्व 2024 के तहत निर्वाचन के पश्चात प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल व प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के साथ प्रदेश कार्यालय में सभी नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों की बैठक में आगामी गतिविधियों एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के कुशल नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और प्रदेश में पार्टी की स्थिति और भी सुदृढ होगी। इस विशेष अवसर पर राजस्थान प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल , प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, गंगापुर सिटी शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास आदि मौजूद थे।

# चोरी के मामले में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

- भीनमाल थाने की पुलिस ने करीब 28 लाख रूपये कीमत के 132 केवी हाई टेंशन बिजली लाइन के पैंथर तार चोरी करने वाले पांच नकबजनों को गिरफ्तार किया

**भीनमाल, (निसं)।** भीनमाल पुलिस ने रविवार को हाई टेंशन विधुत लाइन के पैंथर तार चोरी करने वाले पांच नकबजन को गिरफ्तार किया।

जिले में चलाये जा रहे अभियान भौकाल के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए भीनमाल थाने की पुलिस ने करीब 28 लाख रूपये कीमत के 132 केवी हाई टेंशन बिजली लाइन के पैंथर तार चोरी करने वाले पांच नकबजनों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया।

भीनमाल पुलिस ने निकटवर्ती भरूडी गांव के पास 132 केवी हाईटेंशन लाइन के करीब 28 लाख रूपये के तार चोरी करने वाले गिरोह के पांच आरोपीयों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त करने में सफलता हासिल की है। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में एएसपी मोटाराम आरपीएस, वृताधिकारी अन्नराज सिंह निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रकरण संख्या 56/19 फरवरी 2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित आरोपीयों को शनिवार को ही गिरफ्तार लिया गया है। जालोर एएसपी मोटाराम ने भीनमाल पुलिस थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19 फरवरी 2025 को प्रार्थी कान्तिलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति रावल उम्र 54 वर्ष निवासी अरठवाडा पुलिस थाना पालडी एम जिला सिरोही हाल सहायक अभियन्ता सिरोही ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश कर बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम द्वारा 132 के वी ग्रिड सब स्टेशन जसवंतपुरा एवं उससे जुडने वाली 132 के वी डबल सर्किट जसवंतपुरा लाइन का कार्य निर्माणाधीन है एवं शीघ्र ही उक्त लाइन एवं 132 के वी ग्रिड सब स्टेशन जसवंतपुरा को जनहित में चालू करना था। इससे पहले दिन ही 18 फरवरी 2025 को रात्रि में 132 के वी डबल सर्किट जसवंतपुरा लाइन के टावर क्रमांक ०3 से ०8 भरूडी ग्राम के नजदीक के करीब 1० किलोमीटर पैन्थर तारों एवं उनके सभी हार्डवेयर को चोरों द्वारा लाइन के ऊपर चढकर काट कर ले गए। जिससे निगम को करीब 28 लाख रूपये का नुकसान हुआ। चोरी की सूचना लाइन का सुपरविजन करने वाले कर्मचारी श्रवण सिंह एवं लाइन का निर्माण करने वाले ठेकेदार ने 19 फरवरी को सुबह करीब साढे नौ बजे सूचना दी थी। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 56/19 फरवरी 2025 धारा 303(2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण में चोरी किये गये हाईटेंशन पैंथर तार व अज्ञात आरोपीयों की तलाश हेतु घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपीयों की जानकारी प्राप्त की।

## मंत्री अविनाश गहलोत ने सुनीं मन की बात

**झुंझुनूं ।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 119वें संस्करण का प्रसारण हुआ। झुंझुनूं कलेक्ट्रेट सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक राजेंद्र भांबू और कलेक्टर रामावतार मीणा भी मौजूद रहे। आपको बता दें कि आज प्रधानमंत्री ने सेहत से लेकर परीक्षा तक के विषयों पर बातचीत की। साथ ही उन्होंने आगामी महीने में आठ मार्च को मनाए जाने वाले महिला दिवस को लेकर भी चर्चा की। पीएम ने देशवासियों से अपील की कि वे मोटापे से बचने के लिए अपने खान-पान का ध्यान रखे और तेलों में बनी चीजों का कम सेवन करे। साथ ही बोर्ड परीक्षा दे रहे परीक्षा योद्धाओं को शुभकामनाएं दी। यही नहीं पीएम ने एआई को लेकर पेरिस में हुए आयोजन का भी आज की मन की बात में जिक्र किया। इसके अलावा भी जिले के सभी कस्बों और कई गांवों में प्रधानमंत्री की मन की बात का प्रसारण देखा और सुना गया।

# 'योजनाओं का क्रियान्वयन कागजों पर न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए'

- राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**झुंझुनूं, ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। कलेक्ट्रेट में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने सभागार में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान राज्यपाल ने सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, उद्यम प्रोत्साहन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन योजनाओं का लाभ आमजन तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों पर न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए। महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढावा देने के लिए राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध करवाने और महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा। कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को ठीन हाउस और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा करते हुए पोषण स्तर को बेहतर करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने उचित मूल्य की दुकानें आमजन के नजदीक स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से सैनिकों के पुनर्वास की जानकारी लेते हुए पूर्व सैनिकों की सामाजिक कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। राज्यपाल बागडे ने ठाामीण स्कूलों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए स्कूल समय के बाद खेल गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए। साथ ही, सहकारिता विभाग को जिले में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक स्थापित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। बैठक के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत, झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

**बिजयनगर (निसं.)।** शहर के बहुचर्चित नाबालिग छात्राओं के साथ समुदाय विशेष के एक दर्जन से अधिक युवकों द्वारा शारीरिक शोषण कर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने के मामले में रविवार को पुलिस ने पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। पुलिस उपाधीक्षक मसूदा सज्जन सिंह ने बताया कि मामले में पूछताछ के लिए हिरासत मे लिए गए हकीम कुरेशी को रविवार को पोक्सो और बीएनएस 2023 की संबंध धाराओं में गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है जिनमें 3 विधि विरुद्ध संघर्षरत शामिल है। एएसपी सज्जन सिंह ने बताया कि आरोपी पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी को रविवार को अवकाश कालीन कोर्ट अजमेर में पेश किया गया जहां से 5 दिन केपुलिस रिमांड पर भेजे जाने के आदेश दिए गए गौरतलब है कि पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी के संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने व पीड़िताओं द्वारा नाम उजागर करने के बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने से शहर के सर्व समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था।

# विश्व हिंदू परिषद एवं राजपूत समाज के लोगों ने किया स्वागत

**करौली ।** भाजपा जिला अध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्षो का राजपूत समाज के लोगो व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के हाल ही में करौली जिले के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन,करौली ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र सिंह,मंडरायल ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, भाजपा करौली नगर प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह मचानी का विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चैरजी सिंह के मासलपुर चुंगी स्थित निवास पर श्री राजपूत सभा करौली के संगठन मंत्री ऊधौ सिंह एडवोकेट, राजपूत सभा करौली के जिला महामंत्री जयेंद्र सिंह एडवोकेट, नरेंद्र सिंह जादौन,गब्बू सिंह चैहान, पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह बिनेगा,रणवीर सिंह जखौदा, सत्येंद्र सिंह मांची, ओम प्रकाश सिंह रामपुरा, प्रदीप सिंह, राजेंद्र सिंह भैंसाबट, सूबेदार मोहन सिंह कोटा छाबर ने माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया । चैरजी सिंह जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने बताया कि विहिप समाज के कल्याण, सद्भावना एवं सर्वे भवंतु सुखिन: की भावना पर कार्य करता है नव नियुक्त पदाधिकारी को भी इसी अनुरूप कार्य करते रहने के लिए प्रेरित होना चाहिए। साथ ही बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित कि गई इस मौके पर श्री राजपूत सभा करौली के जिला संगठन मंत्री ऊधौ सिंह एडवोकेट ने बताया कि इतिहास गवाह है राजपूत समाज बिना भेदभाव के गरीब,दलित एवं पिछडों के लिए सेवा कार्य करता रहा है। तदनुरूप ही कार्य करने कि नसीहत दी गई। उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। जयेंद्र सिंह महामंत्री राजपूत सभा करौली ने बताया कि गोवर्धन सिंह ने समाज सेवा के साथ राजनीति मे भी कार्य किया है इन दोनों के अनुभवो को राजनीति के साथ समन्वय स्थापित कर सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर के चलने कि बात कही। लोकसभा प्रत्या'ाी श्रीमती इंदुदेवी जाटव का भी उपस्थित लोगों ने गुलदस्ता देकर सम्मान किया इस दौरान तेज सिंह सनेट, राधा मोहन सिंह, रामस्वरूप सिंह कोटा छाबर, हाकिम सिंह चांदपुरा, उत्तम सिंह जादौन जखोदा, अजय पाल सिंह, मुकेश सालोत्री,भीम सिंह टोडाभीम, महादेव सिंह दातली, श्याम सिंह टोडाभीम, धर्मेंद्र सिंह के अलावा विश्व हिंदू परिषद के लोग एवं अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौ तस्करों ने की फायरिंग

**अलवर।** अलवर जिले में गौतस्करी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गौ तस्करों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि अब शहर के बीच में से गौतस्करी के लिए गायों को पिकअप में भरकर ले जाने की वारदात को अंजाम देने का प्रयास करने लगे है। गौतस्करों के प्रयास को असफल करने के लिए गोरक्षक व अलवर पुलिस भी मुस्तदी से कार्य कर रही है।शनिवार देर रात अलवर शहर में पुलिस व गौतस्करों के बीच पत्थरबाजी व फायरिंग की घटना भी हुई हालांकि इसमें किसी पुलिस कर्मी को चोट नहीं आई। सीओ सिटी अंगद शर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात सूचना मिली कि एक पिकअप में कुछ गौतस्कर गायों को भरकर ले जाने का प्रयास कर रहे है। इस सूचना पर अरावली विहार थाना पुलिस व रात्रि गस्त टीम ने घेराबंदी कर गौतस्करो को पकडऩे का प्रयास किया। इस दौरान गौतस्करों ने भागने के प्रयास किया लेकिन गौतस्करों की गाड़ी पुलिस की गाड़ी के टच होते हुए दीवार से जा टकराई इस पर गाड़ी में बैठे गौतस्करों की ओर से पुलिसकर्मियों की जीप पर फायरिंग व पत्थरबाजी की गई। इस दौरान रात के अंधेरे में चार गो तस्कर फरार हो गए वही एक गौतस्कर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# नीमकाथाना जिला निरस्त किए जाने के विरोध में क्रमिक भूख हड़ताल

**पाटन ।** नीमकाथाना जिला निरस्त किए जाने के विरोध में आज ठााम पंचायत बोपिया में एक बार फिर क्रामिक भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। इस हड़ताल में सीताराम शास्त्री, सुरेन्द्र डेलीगेट, राजेश बोपिया, सुनिल सरपंच, दिनेश यादव, भजनलाल, मन्नालाल, नरेश यादव, लीलाराम, दयाराम मास्टर, धर्मपाल, राजपाल, डॉ निहाल सिंह, राजेन्द्र यादव, पूरण पंच सहित अन्य ठाामीण शामिल हुए। इस दौरान विरोध स्वरूप टायर जलाकर और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

सभी का एक ही उद्देश्य था - नीमकाथाना जिले को पुन: बहाल किया जाए। सुनिल सरपंच ने कहा, "जिला निरस्त करने से ठाामवासियों में आक्रोश है और यह हमारे विकास की गति को धीमा कर रहा है। वर्तमान सरकार ने अन्यायपूर्वक नीमकाथाना जिले को निरस्त किया है। इसके खिलाफ भारी विरोध हो रहा है।" उन्होंने सरकार से यह भी सवाल किया कि किन मापदण्डों के आधार पर जिले को निरस्त किया गया, जब यह सभी मापदण्ड पूरे करता था। दिनेश यादव ने आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह केवल प्रशासनिक फैसले का विरोध नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि सरकार को जनहित में संवेदनशील निर्णय लेने की जरूरत है।

यदि समस्याओं को नजरअंदाज किया गया, तो भविष्य में और भी बड़े संकट उत्पन्न हो सकते हैं।" सीताराम शास्त्री ने गीत के माध्यम से सरकार से नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे को नजरअंदाज किया, तो इसका असर ना केवल नीमकाथाना, बल्कि पूरे सीकर संभाग में असंतोष और उपेक्षा की भावना को बढ़ावा देगा, जो शासन और प्रशासन की नकारात्मक छवि बनाएगा।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य मालाराम वर्मा, बलदेव यादव, रामसिंह राजनगर, राजपाल डोई, बसंत यादव, नरेश टेलर और मीडिया प्रभारी भी इस आंदोलन में शामिल रहे। समर्थन देने वालों में रामसिंह गुर्जर, भरत जीनर, अभयसिंह गुर्जर, बनवारी गुर्जर, राजेश, रमेश गुर्जर, नीरज गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, कर्मपाल गुर्जर, पूरणमल पंच, राजेन्द्र उप सरपंच, कैलाश यादव, धोलाराम यादव, नेतराम यादव, दिनेश यादव, रामचन्द यादव, पूरणमल दायमा और अमित गुर्जर शामिल हैं । ग्रामवासियों ने एक स्वर में सरकार से नीमकाथाना जिले को वापस बहाल करने की अपील की है।

## बिजली की तीन डीपी से महंगा तांबा-तेल चोरी

**झुंझुनूं ।** जिले में चोरों का आतंक जारी है। बीती रात को सोती गांव में चोरों ने बिजली के पोल पर लगी डीपी से महंगा तांबा और महंगा तेल चुरा लिया। जिससे गांव की बिजली सप्लाई भी प्रभावित हो गई। और इस कारण करीब 60 घरों में बिजली सप्लाई बंद रही। जिस पर संज्ञान लेते हुए अजमेर डिस्कॉम के अधिकारी दुबारा बिजली सप्लाई शुरू करने में लगे रहे और दोपहर बाद तक बिजली सुचारू हो पाई। जिससे लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। यहां तक कि लोगों के मोबाइल फोन भी डिस्चार्ज हो गए थे। घटना के बाद तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचे फीडर इंचार्ज अनिल कुमावत ने बताया कि गांव सोती में मुख्य सड़क पर विद्युत पोल पर लगी तीनों डीपी में से महंगा तांबा और महंगा तेल चोरों ने रात को चुरा लिया। ये तीनों डीपी करीब 100-100 मीटर की दूरी पर सोती-बुडाना मुख्य सड़क पर लगी हुई थी।

# संत शिरोमणि यज्ञ सम्राट महंत बाबा बालकदास महाराज हुए ब्रम्हलीन

**पुष्कर/सरवाड़, (निसं.)।** अजमेर पुष्कर वैष्णव विरक्त मंडल के संतो के साथ साथ आज राजस्थान सहित देशभर के संत समाज में उस वक्त शोक की लहर छा गई जब कालाबड़, गौरीकुंड एवं श्री नृसिंह मंदिर पुष्कर के पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट महंत बाबा बालकदास जी महाराज के ब्रम्हलीन होने की खबर आई। जानकारी के अनुसार बाबा बालकदास जी महाराज बीते कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। यही वजह रही कि बीमारी के चलते शाम 4 बजे वे 85 साल की आयु में अंतिम सांस लेकर भगवान की शरण में चले गए। सुबह 9 बजे शुरू होगी उनकी वैकुंठ यात्रा 9 सैकड़ों संत महात्माओं सहित हजारों की संख्या में शामिल होने उनके शिष्य आएंगे।



महंत बाबा बालकदास

जानकारी के अनुसार कालाबड़ स्थित उनके मुख्य आश्रम से बालकदास जी महाराज की अंतिम वैकुंठ यात्रा सुबह 9 बजे प्रस्थान करेगी। जिसमें अजमेर पुष्कर सहित राजस्थान के कई बड़े संत महात्मा, महामंडलेश्वर, श्री महंत एवं अन्य साधु संतों सहित उनके हजारों शिष्य शामिल होंगे। खास बात यह है कि उनके निधन के समाचार सुनने के बाद अभी से ही लोगों के आश्रम में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

श्री रामसखा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर नंदराम शरण देवाचार्य महाराज ने उनके ब्रम्हलीन होने पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि वे सही मायनों में संत शिरोमणि थे। उनके सानिध्य में संत समाज निश्चिंत होकर धर्म का कार्य करता था। आज उनके जाने से ना सिर्फ अजमेर पुष्कर वैष्णव विरक्त मंडल को भारी क्षति हुई है बल्कि मेवाड़ मंडल सहित संपूर्ण राजस्थान के संत समाज को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने जीवन पर्यंत संत समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया। उन्होंने कहा कि संत समाज के लिए यह एक ऐसी क्षति है जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकेगी।

अश्वपालक आशु पाराशर (पंडित) ने बताया कि बाबा बालक दास जी अश्व पालक भी थे। पुष्कर मेले में सबसे पहले उनका ही अश्व फार्म हाउस लगता था। उनके पास कई प्रजातियों के घोड़े होने की वजह से वह बहुत प्रसिद्ध थे। जिला प्रशासन भी पुष्कर मेले में अश्व को लेकर राय मानते थे। अश्व पलकों ओर व्यापारियों में शोक की लहर है। बता दें कि बाबा बालकदास जी महाराज बीते 27 सालों से लगातार अजमेर पुष्कर वैष्णव विरक्त मंडल के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं देकर संत समाज की सेवा करते रहे। इस दौरान उन्होंने कई बार संतो को होने वाली परेशानियों के लिए आवाज उठाई तो कई बार संतो में होने वाले छोटे मोटे मनमुटाव दूर कर सभी को एकजुट बंधे रखा। खास बात यह है।

# नाबालिक छात्राओं के शोषण के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला

**बिजयनगर (निसं.)।** शनिवार शाम त्रिवेणी तेजा चौक मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान एवं सर्व समाज संघर्ष समिति बिजयनगर के तत्वाधान में तेजा चौक से सैकड़ों की संख्या मे मातृशक्ति एवं शहरवासियों ने मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूसके दौरान स्लोगन लिखी तख्तिया हाथों में लेकर दुराचारियों को फांसी दो हिन्दू एकता जिन्दाबाद आरोपियों को कड़ी सजा दो नाबालिग पीड़ित छात्राओं के गुनहगारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर मौन आक्रोश जताया। मशाल मार्च तेजा चौक से सथाना बाजार, विवेकानन्द चौक महावीर बाजार स्टेशन रोड़ रेलवे फाटक, शिव बाजार, बापू बाजार, महावीर बाजार, सब्जी मंडी बाजार, बालाजी रोड़ कृषि मंडी चौराहा, कृषि मंडी रोड, पीपली चौराहा होते हुए विवेकानन्द चौक पहुंचा जहां पर सैकड़ों लोगों ने गुनहगारों को शीघ्र सख्त से सख्त सजा की मांग को लेकर विरोध स्वरूप तमाम मशालों को वहां एकत्रित कर होली जलाई।



बिजय नगर में नाबालिक छात्राओं के शोषण के खिलाफ लोगों ने मशाल जुलूस निकाला।

इस दौरान मातृशक्ति पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा चित्रा टेलर देवकी तोलानी कृष्णा शर्मा पूर्व पालिका अध्यक्ष इंद्रजीत मेवाड़ा अरुण जोशी धनराज कावड़िया सुनील दत्त ओझा महेश टाक महेंद्र सिंह सोलंकी पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुरेश रामचंदानी प्रेमचंद गर्ग कैलाश गुर्जरगोविंद जाट प्रदीप सिंह भदोरिया सहितसर्व समाज संघर्ष समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आग ने लिया विकराल रूप

**पावटा/कोटपूतली।** जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर उपखंड पावटा के पाथरेड़ी स्थित कट्टा बनाने की फैक्ट्री से 100 मीटर की दुरी पर बने वैस्ट पात्र के कचरे में अज्ञात अज्ञात कारण से आग लग गई। देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसकी लपटे कई किलोमीटर दूर से देखे जा सकते थी। आग की लपटे देखकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में अफरा तफरी माहौल मच गया। सूचना पर कोटपूतली, पावटा, शाहपुरा, बानसूर, विराटनगर से सात फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। करीब 6 घंटे बाद भी अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। एएफओ सतनारायण ने बताया कि जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर उपखंड पावटा के पाथरेड़ी स्थित कट्टा बनाने की फैक्ट्री से 100 मीटर की दुरी पर बने वैस्ट पात्र के कचरे मे अज्ञात करणो से आग लग गई। प्लास्टिक के कट्टे व कचरा होने की वजह से आग़ ने विकराल रूप धारण कर लिया। कचरा और प्लास्टिक के कट्टे होने के चलते आग फैलती चली गई और मौके पर लगातार दमकलों को बुलाकर फायर कर्मियों द्वारा आग बुझाने के प्रयास किए गया।

# महिलाओं को पुरूषों के साथ नहीं, पुरूषों से आगे चलने का समय आया-हरिभाऊ बागड़े

**झुंझुनूं ।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े रविवार को अचानक झुंझुनूं जिले के चिड़ावा के समीप भोमपुरा गांव पहुंचे। दरअसल रविवार को राज्यपाल का कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद डूंडलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव में जाने का कार्यक्रम था। लेकिन कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक के बाद जब सर्किट हाउस में मंत्री अविनाश गहलोत के साथ राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के साथ भोमपुरा में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना लखपति दीदी के तहत लखपति सखी कार्यक्रम के बारे में राज्यपाल को जानकारी मिली। तो वे काफी प्रभावित हुए। मंत्री गहलोत के जरा से निवेदन को ही स्वीकार करते हुए अचानक राज्यपाल के कार्यक्रम में बदलाव हुआ और राज्यपाल भोमपुरा के लिए रवाना हो गए। राज्यपाल के कार्यक्रम में बदलाव के चलते प्रशासन को भी अचानक भोमपुरा में राज्यपाल के प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां करनी पड़ी। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद राज्यपाल का अंबूजा फाउंडेशन के वरिष्ठ महाप्रबंधक मनोज अठावाल, प्रोठााम मैनेजर अनिल गुप्ता, जोनल मैनेजर विष्णुप्रसाद, सतीश शर्मा ओजटूवाला आदि ने स्वागत किया। इस मौके पर मंच पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के अलावा झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश दहिया आदि मौजूद थे। इस मौके पर अंबूजा फाउंडेशन के मार्गदर्शन में करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में गठित महिला स्वयं सहायता समूहों की उन 63 महिलाओं का सम्मान किया गया। जिन्होंने अपने कौशल के जरिए उत्पाद बिक्री कर अपनी आय को एक साल में एक लाख रूपए तक पहुंचाया है। इस मौके पर राज्यपाल की मौजूदगी में एनआरएलएम और अंबूजा फाउंडेशन के बीच एमओयू भी हुआ। जिसमें एनआरएलएम ऐसे प्रगतिशील महिलाओं को लोन और सहायता उपलब्ध करवाएगा। जो अपने उत्पाद को लेकर आगे बढना चाहती है। इस मौके पर मंत्री अविनाश गहलोत ने राज्यपाल के आने और उनके मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हरिभाऊ बागड़े ऐसे राज्यपाल है। जिनसे सरकार को काफी मार्गदर्शन मिलता है। उनके अनुभव का फायदा राजस्थान को हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने महिलाओं को संदेश दिया कि अब समय पुरूषों के साथ चलने का नहीं है। बल्कि पुरूषों से आगे चलना है। काफी महिलाएं पुरूषों से आगे चल भी रही है। उन्होंने कहा कि स्कूटी और साइकिल चलाना भी अब पुरानी बात हो गई है। महिलाएं प्लेन उड़ाने की सोचे। साथ ही सेना में जाने के लिए भी आगे आए। उन्होंने चिड़िया की चर्चा करते हुए कहा कि चिड़ियां सिर्फ अपनी चोंच से ही अच्छा घोंसला बना सकती है। हमें तो भगवान ने दो-दो हाथ दिए है।

